देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 08.03.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- निर्वाचन आयोग ने कहा – डुप्लीकेट मतदाता पहचान–पत्रों की वर्षों पुरानी समस्या को अगले तीन महीनों में सुलझा लिया जायेगा।
- राज्य सरकार आज मुख्यमंत्री महिला सारथी पायलट प्रोजेक्ट का शुभांरभ करेगी।
- ऋषिकेश में शराब के सभी डिपार्टमेंटल स्टोर 01 अप्रैल से नहीं खुलेंगे।
- और, चंपावत जिले के लोहाघाट में विशेषज्ञ शिक्षकों की पांच दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वह अगले तीन महीने में डुप्लिकेट मतदाता फोटो पहचान पत्र संख्या–ईपीआईसी से संबंधित दशकों पुराने मुद्दे का समाधान करेगा। आयोग ने कहा कि उसने तकनीकी टीमों और संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद यह निर्णय लिया है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज राज्य सरकार मुख्यमंत्री महिला सारथी पायलट प्रोजेक्ट को शुरू करने जा रही है।

विभागीय मंत्री रेखा आर्या महिला सारथी की पहली सवारी होंगी। प्रोजेक्ट के तहत पहले एक सप्ताह जनजागरुकता के लिए चालक महिलाओं को फ्री में सफर कराएंगी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी भी समाज अथवा राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि महिलाओं के बेहतर भविष्य के लिए उनका वर्तमान संवारने के लिए राज्य सरकार द्वारा कारगर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।

पौडी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पौडी में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की और से महिलाओं को सम्मानित किया गया है। महिला

सशक्तिकरण और बाल विकास विभाग ने सामाज सेवा और शासकीय सेवा में अपना बेहतरीन योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।

## पुलिस भर्ती

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में 2 हजार पदों पर चल रही पुलिस भर्ती प्रक्रिया में आयु सीमा में छूट दिए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को चयन प्रक्रिया जारी रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही परिणाम बिना न्यायालय की अनुमति के घोषित नहीं करने के निर्देश दिये। मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को होगी। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई की।

## बागेश्वर

हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले की तहसील कांडा के कई गांवों में खड़िया खनन से आई दरारों के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। पंजीकृत की गई जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 मार्च की तिथि नियत की है। कोर्ट ने एसपी बागेश्वर से पूछा है कि 55 खुदानों की रिपोर्ट पेश करने के बाद और कितनों की रिपोर्ट बनाई है उसको भी कोर्ट में पेश करें। सरकार से यह बताने को भी कहा है कि किस तरह से खनन कार्य किया गया है उसका प्रमाण भी प्रस्तुत करें। मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।

## मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल

ऋषिकेश में शराब के सभी डिपार्टमेंटल स्टोर 01 अप्रैल से नहीं खुलेंगे। मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने कहा है कि अवैध मादक पदार्थों की बिक्री होने पर संबंधित क्षेत्र के चौकी प्रभारियों पर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि कैबिनेट में 31 मार्च के बाद ऋषिकेश और हरिद्वार के डिपोर्टमेंटल स्टोर्स को बंद करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों को सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान मंत्री ने बाहरी लोगों के सत्यापन और यातायात व्यवस्था के लिए भी नियम बनाने को कहा।

## कार्यशाला

चंपावत जिले के लोहाघाट में विशेषज्ञ शिक्षकों की पांच दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में राज्य के सभी जिलों के करीब 30 डायट संकाय सदस्य और शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रथम दिवस में पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर और ऊधम सिंह नगर के शिक्षकों ने अपने–अपने जिलों के विद्यालयों में किए जा रहे नवाचारों को साझा किया। कार्यशाला प्रभारी डॉ.अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि इस कार्यशाला में शिक्षक सामाजिक विज्ञान व पर्यावरण अध्ययन संबंधी नवाचारी कार्यों को साझा करेंगे।

विश्व उपभोक्ता अधिकार

बागेश्वर में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो की और से उपभोक्ता अधिकारों और मानकों के महत्व पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से "क्वालिटी कनेक्ट अभियान" की शुरुआत की गई है। अभियान में शासकीय विभागों और उनके अधीन अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर भारतीय मानकों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का उददेश्य नागरिकों को भारतीय मानकों और आईएसआई मार्क उत्पादों के महत्व के प्रति जागरूक करना और उपभोक्ता अधिकारों को सशक्त बनाने के साथ ही उत्पादों की प्रमाणिकता सुनिश्चित करना है।

सांस्कृतिक संध्या

राजभवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव के पहले दिन कल राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित सांस्कृतिक संध्या में उत्तराखण्ड की पारंपरिक लोक कलाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देखने को मिलीं। कार्यक्रम में जौनसारी कलाकारों ने प्रदेश के प्रसिद्ध हारूल और तांदी नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। इन पारंपरिक नृत्यों में उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक विरासत का जीवंत चित्रण देखने को मिला। इसके अलावा संस्कार सांस्कृतिक दल ने कुमाऊँनी और गढ़वाली लोकनृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। वहीं, भातखण्डे हिन्दुस्तानी संगीत महाविद्यालय के छात्रों ने भी लोकगीतों की प्रस्तुति दी।

एसटीएफ

उत्तराखण्ड एसटीएफ की साइबर क्राईम पुलिस टीम ने डिजिटल अरेस्ट स्कैम के मामले में एक अभियुक्त को झारखण्ड से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ से मिली जानकारी के अनुसार देहरादून निवासी एक पीडित को साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर 32 लाख 31 हजार से अधिक रुपये की धनराशि ठग ली थी। जिसके बाद एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया। आरोपित के खिलाफ तेलंगाना व कर्नाटक राज्य में भी शिकायतें दर्ज होना पाई गई हैं।

विद्या समीक्षा केंद्र

विद्यालयी शिक्षा विभाग के तहत प्रदेशभर में संचालित आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों को विद्या समीक्षा केन्द्र से जोड़ा जायेगा। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में गढ़वाल मण्डल के आवासीय विद्यालयों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आवासीय विद्यालयों को विद्या समीक्षा केन्द्र से जोड़ने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्या समीक्षा केन्द्र से जुड़ने पर आवासीय विद्यालय ऑनलाइन मोड में आ जायेंगे, जिससे उनकी निगरानी के साथ ही समस्याओं का भी शीघ्र निस्तारण किया जा सकेगा।

मुख्य सचिव

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण 2.0 सर्वे में सभी पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण, केंद्र सरकार की निर्धारित समय सीमा 31 मार्च, 2025 तक करने के निर्देश दिए गए हैं। सचिवालय में राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को यह निर्देश

दिए। बैठक में उत्तराखण्ड को प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण और प्रधानमंत्री जनमन योजना में देश में प्रथम आने पर मुख्य सचिव ने ग्राम्य विकास की सचिव राधिका झा व उनकी टीम को बधाई दी।

ओलम्पिक चिंतन शिविर

ओलंपिक–2028 की तैयारियों और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से तेलंगाना में दो दिवसीय चिंतन शिविर आयोजित किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्री, वरिष्ठ खेल प्रशासक और विशेषज्ञों ने भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने की रणनीति पर चर्चा की। डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का विजन रखा है, जिसके लिए सभी राज्यों को मिलकर काम करना होगा। वहीं, चिंतन शिविर में प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या भी शामिल हुईं। उन्होंने गांव, कस्बे और शहर में स्कूल स्तर पर ही प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान कर उनकी तैयारी करने पर बल दिया, ताकि ओलंपिक जैसी स्पर्धा में देश के खिलाड़ी चैंपियन बन सकें।

योग महोत्सव समापन

ऋषिकेश में चल रहा सात दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का समापन हो गया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि यह आयोजन विश्वभर में योग गतिविधियों को लोकप्रिय बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''फिट इण्डिया अभियान'' में भी योग की अहम भूमिका रही है। श्री महाराज ने कहा कि ऋषिकेश, सदियों से योग की भूमि रही है। दुनिया भर के संत, महात्मा और साधक की यह साधना भूमि रही हैं। उन्होंने कहा कि योग और गंगा, भारत के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक हैं। पर्यटन मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को योग की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से हर वर्ष की तरह इस बार भी अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव गंगा जी के पवित्र तट पर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि सात दिन की इस अवधि में ख्याति प्राप्त योगाचार्यों और योग गुरूओं ने प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। इस आयोजन में देश–विदेश के लगभग 410 लोगों ने प्रतिदिन योगाभ्यास किया।